wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-24 | सागवाड़ा, शनिवार, 18 सितम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# सुबह देख लेने की धमकी दी, 12 घंटे बाद परिवार पर लट्ठ-पत्थरों और हथियारों से हमले में आरएसी जवान की मौत

## कांकरी डूंगरी उपद्रव में नाम लिखवाने के शक में आरएसी के जवान की हत्या

**डूंगरपुर।**

एक साल पहले शिक्षक भर्ती को लेकर नेशनल हाइवे 48 पर हुए कांकरी डूंगरी उपद्रव में पुलिस एफआईआर में नाम लिखवाने का शक आरएसी जवान की हत्या कर दी गई।

आरोपियो ने पहले देख लेने की धमकी दी और 12 घंटे बाद 10 से 15 हथियारबद्ध हमलावरों ने आरएसी जवान के परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने घर मे जमकर तोड़फोड़ की। हमले के बाद परिवार के महिला, पुरुष व बच्चों ने भागकर व खेतों में छुपकर अपनी जान बचाई। हमलावरों ने आरएसी जवान के बेटे पर कार चढ़ाकर कुचलने के भी प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे में भाग गया। हमलवारों ने आरएसी जवान को घेरकर जमकर मारपीट की और हथियारों से कई वार किए, जिसमें गंभीर घायल जवान ने गुजरात के अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है, लेकिन हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर परिजन पोस्टमार्टम के लिए नहीं पंहुचे है, जिस कारण अब तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका है।

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के शिशोद फला अंबाव निवासी देवीलाल लिम्बात ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसका बड़ा भाई रमेश लिम्बात (47 वर्ष) आरएसी 12वी बटालियन जयपुर में जवान है। 15 सितंबर को वह छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। इसके बाद कल शुक्रवार को सुबह साढ़े 9 बजे उसका बड़ा भाई रमेश व भतीजे सचिन लिम्बात के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर खेरवाडा जा रहे थे। इस दौरान शिशोद स्कूल के पास शिशोद गांव के ही अंकित अहारी, राहुल गमेती, मयंक अहारी, प्रवीण ढूहा व संजू ढूहा मिले और उन्हें रोक लिया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने सचिन को देख लेने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मौके से चले गए। वहीं देवीलाल, संजय व सचिन ने भी उनकी धमकी पर विश्वास नहीं किया।

पीड़ित देवीलाल ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे बड़ा भाई रमेश , भतीजा सचिन और दोनों के परिवार घर के आंगन में बैठकर बातचीत कर रहे थे। उसी समय एक कार और मोटरसाइकिल लेकर कुछ लोग आए, जिसमें धमकी देने वाले आरोपी अंकित अहारी, राहुल गमेती, मयंक अहारी, प्रवीण ढूहा व संजू ढूहा समेत 10 से 15 लोग हथियारबद्ध होकर उतरे और अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने उनके घर पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे घर की महिलाएं व बच्चे घर के अंदर छुप गए ओर दरवाजे बंद कर दिए, लेकिन हमलावरों ने जमकर तोड़फोड़ की। वहीं हमलावरों ने कार से सचिन को कुचलने के प्रयास भी किया, लेकिन सचिन खेतो की ओर भाग गया और मक्का की फसल के बीच छुपकर अपनी जान बचाई। वहीं देवीलाल भी खेतों में छुप गया।

आरएसी का जवान रमेश लिम्बात हमलावरों से लड़ता रहा और हिम्मत जुटाकर उनसे तोड़कर व मारपीट नहीं करने की मिन्नतें करता रहा, लेकिन हमलावरों ने उसकी भी एक नहीं सुनी और उसे घेरकर जमकर मारपीट की। उसके शरीर पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ढेर हो गया। वही हमलवारों ने घर के आंगन में खड़ी 3 मोटरसाइकिल को भी भारी नुकसान पंहुचाया है। इसके बाद हमलावर धमकिया देते हुए मौके से भाग गए। पथराव में घर के केलू फूट गए है। वहीं कुर्सियां भी टूट गई है।बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया कि मृतक के भाई देवीलाल की रिपोर्ट पर हमले, तोड़फोड़ व हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वारदात में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। वहीं शव के पोस्टमार्टम को लेकर भी परिजनों से समझाइश के प्रयास चल रहे है। घटना को लेकर दूसरे पक्ष ने भी मारपीट की रिपोर्ट दी है, जिस ओर जांच चल रही है।

### वारदात के दूसरे पक्ष ने भी दी मारपीट की रिपोर्ट

हमले की वारदात के बाद दूसरे पक्ष से भी शिशोद निवासी अंकित अहारी ने मृतक रमेश लिम्बात समेत उसके परिवार पर धमकिया देने और मारपीट की रिपोर्ट बिछीवाड़ा थाने में दर्ज करवाई है। जिस पर पुलिस ने उनकी रिपोर्ट भी दर्ज करते हुए मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है। वहीं मृतक पक्ष की ओर से छोटे भाई देवीलाल ने हत्या के साथ ही परिवार पर हमला करने, तोड़फोड़ का केस दर्ज करवाया है।

### हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े परिजन, नहीं पंहुचे मोर्चरी

हमले ओर हत्या की वारदात के बाद से शिशोद गांव में तनाव का माहौल हैं। ऐसे में गांव में बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल को गांव में तैनात कर दिया गया है। वहीं हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन बैठ गए है। इस कारण शव मोर्चरी में रखने के बाद परिवार के लोग अपने घर शिशोद चले गए, जहां परिजन बैठकर आरोपियों को पकड़ने की मांग कर रहे है। इस कारण शनिवार दोपहर तक कोई परिजन मोर्चरी नहीं आया। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही परिजन पोस्टमार्टम करवाने की मांग पर अड़े हुए है।

### कांकरी डूंगरी उपद्रव में नाम लिखवाने के शक में हुई वारदात, 9 महीने पहले भी की थी मारपीट

आरएसी जवान के परिवार पर हमले ओर हत्या की यह वारदात शक के चलते हुई है। शिशोद निवासी आरोपी अंकित अहारी, राहुल गमेती, मयंक अहारी, प्रवीण ढूहा, संजू ढूहा का नाम पिछले साल सितंबर 2020 में नेशनल हाइवे पर हुए उपद्रव में दर्ज है। इस मामले को लेकर आरोपी आरएसी जवान रमेश लिम्बात के बेटे सचिन लिम्बात पर नाम लिखवाने का शक जता रहे थे। सचिन 12वी कक्षा का छात्र है।

इसी शक के चलते आरोपियों ओर सचिन के बीच पिछले एक साल से रंजिश चल रही थी। इसके चलते पिछले साल दिसंबर 2020 में भी आरोपियों ने मिलकर सचिन के साथ मारपीट की थी।

## फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

**डूंगरपुर।**

जिले में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र संगठन की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। शहर के शहीद पार्क पर नेहरू युवा केन्द्र के युवा एकत्रित हुए इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति अमृत कलासुआ व नेहरू युवा केन्द्र के जिला संयोजक प्रदीप कुमार सहित युवाओ ने शहीद स्मारक पर आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया। वही इसके बाद सभापति अमृत कलासुआ ने युवाओं से शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहकर देश और समाज की सेवा में योगदान देने को कहा।

वही इस मौके पर सभापति ने युवाओं को फिट इंडिया फ्रीडम रन की शपथ भी दिलाई। इधर इसके बाद शहीद पार्क से सभापति ने हरी झंडी दिखाकर फिट इंडिया फ्रीडम रन को रवाना किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन शहीद पार्क से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर कलेक्ट्रेट पहुंची जहां पर युवाओ ने संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

## मौसी के घर मेहमान आए एक युवक की करंट लगने से मौत

**डूंगरपुर।**

जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के देवकी गांव में अपनी मौसी के घर मेहमान आए एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। दोवड़ा थाना पुलिस के अनुसार नयागांव निवासी 25 वर्षीय देवचंद डामोर कल देवकी गांव में अपनी मौसी के घर मेहमान आया था। इस दौरान घर के पास लगे एक बिजली के पोल को छूने से देवचंद बेहोश हो गया। इसके बाद मौसी के घर वाले देवचंद को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। इधर सूचना मिलने के बाद आज नयागांव से मृतक के परिजन मोर्चरी पहुंचे और पुलिस के समक्ष देवचंद की मौत पर संदेह जताया। फिलहाल पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है।

## स्कूल जा रहे शिक्षक की मौत

**सागवाड़ा।**

पैदल चल कर स्कूल जा रहे शिक्षक की नीचे गिरने से मृत्यु हो गई। पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र सोलंकी के अनुसार बांसवाड़ा जिलान्तर्गत गढ़ी तहसील के माझिया निवासी सुभाषचन्द्र पुत्र देवीलाल जाति चरपोटा ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता देवीलाल सरपोटा (48) आगंनवाडी केन्द्र मदेलाफला तोरणिया में पूर्व प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। शनिवार को घर से सवेरे सात बजे पैदल नौकरी पर जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब साढ़े नव बजे मोबाईल पर सूचना मिली कि देवीलाल की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तोरणिया के पास माताजी मन्दिर के नीचे गिर गए हैं तथा भिलूड़ा अस्पताल ले जा रहे हैं। सुभाष चन्द्र भीलूड़ा पहुंचा जहां पिता के मरने की सूचना मिली। रिपोर्ट में पिता की आंख के पास हल्की चौट आने से मौत की जांच की मांग की।

## चितौड़ प्रांत के जागरण श्रेणी के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक ली

**उदयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत अपने तीन दिवसीय प्रवास पर उदयपुर में हैं। संघ प्रमुख भागवत शहर के हिरण मगरी के विधा निकेतन स्कूल में ठहरे हुए हैं। जहां उन्होंने आज चितौड़ प्रांत के जागरण श्रेणी के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक ली और उनको मार्गदर्शन दिया।

## तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर पूर्व सांसद भगोरा ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**डूंगरपुर।**

पूर्व सांसद ताराचन्द भगोरा ने शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा और कहा कि प्रदेश में आपके द्वारा स्थानांतरण को लेकर 30 सितंबर तक का समय बढ़ाया गया है जो स्वागत योग्य है जिससे हर कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में पहुँचकर खुशी महसूस कर रहा लेकिन पिछले लंबे समय से तृतीय श्रेणी शिक्षक अपनी वेदनाओं को विभाग व आप तक एवं हमारे तक पहुचा रहे है जिसे प्राथमिकता देते हुए स्थानांतरण पॉलिसी बनाकर लाभान्वित किया जावे। ओर मुख्यरूप से ञस्कसे ह्हह TSP व NON TSP से TSP में जाने वाले कर्मचारियों के साथ साथ दूरदराज के जिलों में लगे शिक्षकों को भी अपने गृह जिले में सेवा करने का मौका देते हुए तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण की जैसी भी पॉलिसी बनानी पड़े बनाकर तृतीय श्रेणी शिक्षको के तबादले किये जावे जिससे इन कर्मचारियों का लम्बा इंतजार खत्म होगा ओर हर कर्मचारि अपने-अपने जिलों में पहुंच सकेगा।

## अमृत महोत्सव के तहत पौधरोपण किया

**दौवड़ा।** पंचायत समिति में आयकर विभाग डूंगरपुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान प्रदूषण से आजादी का महा उत्सव दौवड़ा वन क्षेत्र मैं पौधरोपण समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर आयकर अधिकारी टीपी संजीव थाना अधिकारी कमलेश चौधरी बताया कि वृक्ष ही जीवन है ।वृक्ष लगाना ही नहीं इनका उचित देखभाल कर बड़ा करना लक्ष्य रखना चाहिए दोवड़ा सरपंच कल्पना परमार क्षेत्रीय वन अधिकारी गिरीश कुमार लबाना समाजसेवी मनोज पाटीदार जगदीश मेनारिया आयकर निरीक्षक द्वारा पौधरोपण किया गया इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य एवं आयकर कार्यालय के कर्मचारी एवं कार्यक्रम के करदाताओं ने मिलकर 50 पौधे का पौध रोपण किया गया ।

### पोहरी खातुरात में कवेलूपोश मकान में बिजली गिरने से विधुत उपकरण जले

**झौथरी।** शनिवार शाम तेज बारिश के दौरान पोहरी खातुरात में एक कवेलूपोश मकान में आकाशीय बिजली गिरने से विधुत उपकरण जल गये वही कवेलू टूट गये। जानकारी के अनुसार पोहरी खातुरात निवासी नाना पुत्र लालजी रोत के मकान पर बिजली गिरने से विधुत उपकरण जल गये वही कवेलू टूट जाने से नुकसान हुआ 7 सरपंच हरीश कटारा ने मौके पर पंहुच जानकारी ली।

## जेठाणा गांव को पेराफेरी से मुक्त रखने की मांग

**सागवाड़ा।**

जेठाणा ग्रामवासियों ने कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया एवं तहीलदार डॉ.मयूर शर्मा को ज्ञापन देकर गांव को पेराफेरी से मुक्त करने की मांग की। उपसरपंच धीरज मेहता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खोड़निया को ज्ञापन देकर गांव को पेराफेरी से मुक्त कराने तथा युवाओं ने खेल मैदान के लिए बजट जारी कराने की मांग की। खोड़निया ने कहा कि सागवाड़ा के आस पास सभी गांवों के परिसीमन का क्षेत्र बढ़ाकर पूर्व नगरपालिका बोर्ड और भाजपा सरकार ने जनता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने मुयमंत्री और नगरीय विकास मंत्री से मिलकर क्षेत्र के सभी पेरी फेरी गांवों को राहत दिलवाएंगे और युवाओं को भी उनकी खेल मैदान की मांग के लिए आश्वस्त किया।

ग्रामीणों ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष खोड़निया, पार्षद जाकिर चिकना एवं आदिश खोड़निया का अभिनन्दन किया। इस दौरान अतुल सारगिया, सरपंच संगीता डामोर, वासुदेव पाटीदार, मोगजी प्रजापत, शिवराम पाटीदार, रामेंग पाटीदार, प्रकाश पंड्या, फूलशंकर पंड्या मौजूद थे।

## निलेश जोशी संयोजक समिति के संयोजक बने

**सागवाड़ा।**

पंचायत प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर में ग्राम विकास अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की मांगों को लेकर चर्चा की तथा आंदोलन को गति देने के लिए संयोजक समिति गठित की गई। यह समिति डूंगरपुर के सभी ब्लॉक का दौरा करेगी तथा आंदोलन का नेतृत्व करेगी। बैठक में सर्वसमति से संयोजक निलेश जोशी, जयेश पाटीदार, भानु प्रकाश सोनी तथा सहसंयोजक दिनेश यादव, ललित रोत, वीरेंद्र जैन, पुनीत पूजोत, राजेंद्र मनात, जयप्रकाश पटेल, गोपाललाल अहारी, शंकर पाटीदार को मनोनीत किया। इस दौरान श्यामसुंदर पाटीदार, कैलाश फलोत, उदयपुर जिलाध्यक्ष शंकरलाल कुहार मौजूद थे।

# दो बार भाजपा के सांसद फिर भी रेल परियोजना बंद, हाईवे का काम भी रूका

## खोडनिया ने कहा जिले के भाजपा सांसद जनता से माफी मांगे

**डूंगरपुर।**

जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने केंद्र की भाजपा मोदी सरकार पर पिछले सात साल में वागड़ के विकास को रोकने और कांग्रेस सरकार की सड़क व रेल योजनाओं को बंद कर देने का आरोप लगाया है।खोड़निया ने आरोप लगाया की केंद्र में 2013 में कांग्रेस की सरकार के तत्कालीन सड़क एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर सीपी जोशी ने खेरवाड़ा सागवाड़ा बासवड़ा से रतलाम तक नेशनल हाइवे बनाने की घोषणा की थी जिसे 2014 में मोदी सरकार ने आते ही रोक दिया जिसके कारण पिछले सात साल से डूंगरपुर सागवाड़ा गढ़ी परतापुर सड़क की दुर्दशा हो गयी। क्योंकि



यह सड़क केंद्र सरकार के अधीन आती है जिस पर राज्य सरकार कोई काम नही कर सकती है।खोड़निया ने कहा की सागवाड़ा से गढ़ी जाने में दो घंटे लगते हे हज़ारों खड्डे हो गए है यही हाल डूंगरपुर मार्ग का भी हो गया है। खोड़निया ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिस वागड़ में पिछले दो लोकसभा चुनावों में लगातार भाजपा के सांसद जीते हो उसके बाद भी वागड़ की रेल परियोजना बंद कर देना नैशनल हाइवे का निर्माण नही करना भाजपा सरकार के लिए आदिवासी क्षेत्र का अपमान करने जेसा हे ओर वागड़ कि इस दुर्दशा के लिए भजपाइयो ओर ज़िले के तीन - तीन भाजपा सांसदों को मतदाता से माफ़ी मांगनी चाहिए ।

खोड़निया ने ज़िले के कोंग्रेस के अग्रिम संगठनों से आग्रह किया हे की वागड़ की इस दुर्दशा के लिए भाजपा की केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ सड़कों पर आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन करे।

# अब मल अपशिष्ट से बनेगी जैविक खाद, सागवाड़ा सहित राज्य के 50 शहर योजना में शामिल

## 2 करोड़ 16 लाख का बनेगा प्लांट जहां सेप्टिक टैंक से निकलने वाले अपशिष्ट से

**सागवाड़ा।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगरपालिका द्वारा की जा रही पहल धीरे धीरे रंग ला रही है।इसी क्रम में राजस्थान शहरी आधारभूत विकास योजना (आरयूआईडीपी) के तहत सागवाड़ा को राज्य के उन 50 शहरों में चुना गया है जहां गंदे मल से खाद बनाने के लिए एफएसटीपी प्रोजेक्ट लाया जा रहा है। इसके निर्माण में करीब 2 करोड़ 16 लाख रुपए खर्च होंगे। इस कार्य की निविदा आमंत्रित कर ली गई है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के 50 शहरों में एफएसटीपी प्रोजेक्ट लगाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने इस योजना में सागवाड़ा को भी शामिल किया है। खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आरयूआईडीपी के तहत विभिन्न काम होने है । एफएसटीपी प्रोजेक्ट इसकी शुरुआत है।

### स्वच्छता के साथ पर्यावरण की भी सुरक्षा

खोडनिया ने बताया कि सेप्टिक टैंक से निकलने वाले अपशिष्ट को नदी नालों और खुले में डाला जाता है। यह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है और आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। ये समस्या न सिर्फ शहरवासियों के लिए है बल्कि आसपास के गांवों को भी प्रभावित करती है। शहरी क्षेत्र हो या गांव के लोग उनके सामने यह परेशानी है कि सेप्टिक टैंक का अपशिष्ट कहां डाला जाए। इस क्षेत्र के लोगों को यह प्लांट बनने के बाद इसकी परेशानी नी होगी। सारा अपशिष्ट इस प्लांट में एकत्र किया जाएगा। वैज्ञानिक विधि से न सिर्फ जैविक खाद बनेगा बल्कि इसके पानी को भी स्वच्छ कर उपयोग में लिया जा सकेगा।

टैंक से निकाले गए मलबे को जहां-तहां फेंकने से प्रदूषण फैलता है और बीमारी का खतरा बना रहता है। मलबे का सही इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे निकलने वाले मलबे को ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए स्वच्छ कर मल के गाद से जैविक खाद और इसके पानी का उपयोग सरकार की लोककल्याणकारी व पर्यावरण हितैषी सोच है।

**- डॉ. कमलेश शर्मा, पर्यावरणविद**

एफएसटीपी प्रोजेक्ट के तहत अधिकारियों ने नगरपालिका क्षेत्र का दौरा कर इसकी डीपीआर बनाई थी। अब इसके टेंडर लग गए है। अगले माह तक टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। इसके बाद नगर पालिका क्षेत्र में यह प्लांट बनाया जाएगा।

**- लोकेश पाटीदार, जेईएन, नगर पालिका सागवाड़ा**

# घोटाद में आकाशीय बिजली गिरने से तीन भैसों की मौत

**सागवाड़ा।**

जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के घोटाद गांव में शनिवार शाम की आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की तीन भैसों की मौत हो गई, जबकि कुछ ही दूर रह रहा किसान का परिवार बाल-बाल बच गया।

घोटाद पंचायत के सरपंच प्रकाश ने बताया कि शनिवार शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगी। इस दौरान घोटाद गांव में कुबेर पुत्र पेमजी पाटीदार के घर के पास ही बने पशुघर पर कड़ाके के साथ जोरदार बिजली गिरी। कड़कती हुई बिजली से उसमें बंधी 3 भैंसो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घर के आसपास कंपन होने लगा। तेज धमाके की आवाज सुनकर किसान कुबेर पाटीदार दौड़कर मवेशी घर की तरफ गया तो देखा कि उसकी तीनों भैसों की झुलसने से मौत हो गई थी। इसके बाद किसान फूट-फुटकर रोने लगा।

आकाशीय बिजली गिरने की सूचना पर सरपंच समेत गांव के लोग एकत्रित हो गए ओर घटना पर दु:ख जताया। लेकिन सुखद पहलू यह है कि किसान कुबेर पाटीदार के परिवार में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इधर, डूंगरपुर शहर सहित कई क्षेत्रों में शनिवार शाम को बादलो की तेज गर्जना के साथ करीब पौने घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, जिससे सड़को पर पानी बहने लगा। वहीं कई जगहों पर पानी बहने लगा। वहीं बारिश के कारण कई जलाशयों में पानी की अच्छी आवक बनी हुई है।

### घर के आंगन में निकले 12 फीट अजगर को रेस्क्यू किया

दौवड़ा। पंचायत समिति के भोझाताओड़ा के कालूगामडा गांव में गांव में सुबह 9-30 बजे वीरम अहारी के घर के आंगन में 12 फुट का अजगर निकलने से गर्म के परिवार जनों की के होश उड़ गए उन्होंने सरपंच सविता देवी को अवगत करवाया सविता देवी ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी मौके पर वन विभाग के अधिकारी तेज सिंह वन पाल माडव चंद्रवीर सिंह दोवड़ा एवं हर्ष वर्धन पुनाली नए गांव में जाकर बड़ी मशक्कत कर लगभग साडे 20 फीट का अजगर लगभग 35 किलो वजनी अजगर को पकड़ा अजगर को पकड़ कर के उसे जंगल में छोड़ दिया तब जाकर घर के सदस्य ने सुकून की सांस ली मौके

## 50 गांवों में लगा जागरूकता शिविर

**डूंगरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को डूंगरपुर जिले में एक दिन में 50 गांवों और ढाणियों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

इन शिविरों में लोगों को बाल विवाह और मृत्यु भोज नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई और जागरूक किया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत पीएलवी लक्ष्मण लाल डामोर की ओर से पंचायत समिति चिखली के गांव तोरणफला, पलसाउ, दारूधावडा, उदडिया, भमातफला में शिविर लगाए गए। पीएलवी गौरव पंड्या ने पंचायत समिति सीमलवाडा के गांव मेरोप, कोवाडियाफला, नवाघरा, भाणासीमल में शिविर के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी दी। शिविर में आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विधिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमजन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य ध्येय है।

इसके लिए जागरूक लोगों को आगे आकर आमजन को योजनाओं का फायदा दिलवाने मदद करनी होंगी। विधिक सेवा प्राधिकरण राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना, बाल विवाह निषेध व मृत्यु भोज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया।